रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 286] नई दिल्ली, बुधवार, जून 20, 2012/ज्येष्ठ 30, 1934
No. 286] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 20, 2012/JYAISTHA 30, 1934

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 जून, 2012

सा.का.नि. 463(अ).— केन्द्रीय सरकार, सिक्का-निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—:--

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम "मोतीलाल नेहरू की 150वीं जयंती" के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए एक सौ पचास रुपये और पांच रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2012 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. (क) "मोतीलाल नेहरू की 150वीं जयंती" के अवसर का स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, अर्थात् :--

(i) एक सौ पचास रुपये ;

(ii) पांच रुपये ;

(ख) उपरोक्त अंकित मूल्य के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं, डिजाइन और संघटन के अनुरूप होंगे, अर्थात्:—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	क्रकचनों की संख्या	धातु संघटन
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पचास रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	चतुर्थक मिश्रधातु चांदी - 50%

			तांबा - 40% निकैल - 5% जस्ता - 5%
पांच रुपये	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	100	**निकैल पीतल** तांबा - 75% जस्ता - 20% निकैल - 5%

डिजाइन

1. एक सौ पचास रुपये

मुख भाग

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** इबारत अंतर्लिखित होगी, उसकी बांई परिधि पर देवनागरी में **"भारत"** शब्द और दांई परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा। इस पर सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक " ₹ "और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य "150" भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में, "मोतीलाल नेहरू" का चित्र होगा और देवनागरी में ऊपरी परिधि पर "मोतीलाल नेहरू की 150वीं जयंती" शब्द होंगे और अंग्रेजी में निचली परिधि पर **"150th BIRTH ANNIVERSARY OF MOTILAL NEHRU"** शब्द होंगे । मोतीलाल नेहरू के चित्र के नीचे वर्ष "2012" लिखा होगा ।

2. पांच रुपये

मुख भाग

सिक्के के मुख भाग पर अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** इबारत अंतर्लिखित होगी, उसकी बांई परिधि पर देवनागरी में **"भारत"** शब्द और दांई परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा । इस पर सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक " ₹ " और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य "5" भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में, "मोतीलाल नेहरू" का चित्र होगा और देवनागरी में ऊपरी परिधि पर "मोतीलाल नेहरू की 150वीं जयंती" शब्द होंगे और अंग्रेजी में निचली परिधि पर **"150th BIRTH ANNIVERSARY OF MOTILAL NEHRU"** शब्द होंगे । मोतीलाल नेहरू के चित्र के नीचे वर्ष "2012" लिखा होगा ।

3. मानक वजन तथा अनुज्ञात उपचार :– "मोतीलाल नेहरू की 150वीं जयंती" के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात उपचार नीचे सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रूप में होगा, अर्थात् :--

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		संघटन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पचास रुपये	35 ग्राम	चांदी में 1/500 कम या ज्यादा अर्थात् चांदी में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100 कम या ज्यादा अर्थात् वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है ।
पांच रुपये	6 ग्राम	तांबा और जस्ता के लिए 1/100 कम या ज्यादा अर्थात तांबे में 74% से 76% तक और जस्ते में 19% से 21% तक का अंतर हो सकता है और निकैल के लिए 1/200 तक कम या ज्यादा अर्थात् निकैल में 4.5% से 5.5% तक का अंतर हो सकता है ।	1/40 तक कम या ज्यादा अर्थात् वजन से 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम तक का अंतर हो सकता है ।

[फा. सं. 4/4/2012-सिक्का]

अरुण सोबती, अवर सचिव (सी और सी)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th June, 2012

G.S.R. 463(E).— In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement** :- (1) These rules may be called the coinage of One Hundred Fifty Rupees and Five Rupees coins to commemorate the occasion of **"150th Birth Anniversary of Motilal Nehru" Rules, 2012.**

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. (a) The coins of the following denominations shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of **"150th Birth Anniversary of Motilal Nehru"**, namely:-

(i) One Hundred Fifty Rupees;

(ii) Five Rupees;

IndiaCode

(b) the coins of the above denominations shall conform to the following dimensions, designs and composition, namely:-

Denomination of the coin	Shape and outside diameter	Number of Serrations	Metal Composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Fifty Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver – 50 % Copper - 40% Nickel - 5% Zinc – 5%
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	**Nickel Brass** Copper – 75% Zinc – 20% Nickel – 5%

IndiaCode

DESIGN

1. ONE HUNDRED FIFTY RUPEES

OBVERSE

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते " inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "150" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE

The face of the coin shall bear the picture of "Motilal Nehru" in the centre, with inscription **"मोती लाल नेहरू की 150वी जयंती"** in Devnagri script on the upper periphery and " 150th BIRTH ANNIVERSARY OF MOTILAL NEHRU" in English on the lower periphery. The year "2012" shall be inscribed below the picture of Motilal Nehru.

2. FIVE RUPEES

OBVERSE

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते " inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "5" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE

The face of the coin shall bear the picture of "Motilal Nehru" in the centre, with inscription "मोतीलाल नेहरू की 150वी जयंती" in Devnagri script on the upper periphery and " 150th BIRTH ANNIVERSARY OF MOTILAL NEHRU" in English on the lower periphery. The year "2012" shall be inscribed below the picture of Motilal Nehru.

3. **Standard weight and remedy allowed:** - The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the **"150th BIRTH ANNIVERSARY OF MOTILAL NEHRU"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the following Table, namely: -

TABLE

Denomination of the coin	Standard Weight	Remedy Allowed	
		In Composition	In Standard Weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Fifty Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000	1/100th plus or minus that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say, Copper could vary from 74% to 76% and Zinc from 19% to 21% and 1/200th plus or minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5% to 5.5%.	1/40th plus or minus that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams.

[F. No. 4/4/2012-Coin]

ARUN SOBTI, Under Secy. (C and C)

2215 GI/12-2

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.